भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3968

19 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाएं

+3968. श्री भर्तृहरि महताबः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में विशेषकर कटक में अमृत 2.0 के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की जिलावार स्थिति क्या है;

(ख) अमृत 2.0 के अंतर्गत विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ओडिशा को आबंटित निधियों का वर्षवार और परियोजनावार ब्यौरा क्या है;

(ग) ओडिशा की अवसंरचना में सुधार के लिए राज्य वित्त आयोग को प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडिशा में मास्टर प्लान और विकास योजना तैयार करने के लिए किन-किन और कितने शहरों को धनराशि प्रदान की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 को 1 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया है। ओडिशा राज्य में, 1,373 करोड़ रु. की केंद्रीय सहायता (सीए) सहित 3,940.98 करोड़ रु. की 348 परियोजनाओं के लिए राज्य जल कार्य योजना (एसडब्ल्यूएपी) को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इन अनुमोदित परियोजनाओं में से, 2,264.99 करोड़ रु. की 269 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए गए हैं। परियोजनाओं का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

राज्य द्वारा अमृत 2.0 पोर्टल पर प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, कटक जिले में अमृत 2.0 के तहत 407.56 करोड़ रु. की 39 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। इन अनुमोदित परियोजनाओं में से, 310.23 करोड़ रु. की 31 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए जा चुके हैं।

(ख): अमृत 2.0 के तहत निधियाँ राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को आवंटित/जारी की जाती हैं, न कि ज़िलेवार जारी की जाती है। परियोजनाओं के लिए अमृत 2.0 के तहत ओडिशा को आवंटित और जारी की गई निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रुपये में)

प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता	वित्तीय वर्ष				
	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	कुल योग
1373	127.47	101.92	126	45.24	400.63

(ग): 15 वें वित्त आयोग ने राज्यों को अपने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए अनुदान जारी करने की सिफारिश की है, न कि राज्य वित्त आयोग को।

(घ): अमृत योजना के तहत 'अमृत शहरों के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित मास्टर प्लान तैयार करने' संबंधी उप-योजना के अंतर्गत, ओडिशा के भुवनेश्वर शहर को मास्टर एवं विकास योजना तैयार करने के लिए लिया गया है।

अमृत 2.0 के तहत **50,000 - 99,999 की आबादी वाले श्रेणी-II शहरों के लिए जीआईएस आधारित मास्टर प्लान तैयार करने** की योजना के तहत **ओडिशा के 7 शहरों** राजगांगपुर , रायगढ़ , सुनाबेड़ा , जोडा , कोरापुट , सुंदरगढ़ और परलाखेमुंडी के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

*****

ओडिशा में अमृत 2.0 के अन्तर्गत परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 19.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 3968 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अमृत 2.0 के तहत ओडिशा में अनुमोदित परियोजनाओं की जिला-वार सूची

क्र. सं.	ज़िले	अनुमोदित परियोजना		प्रदत्त ठेके	
		संख्या	कुल लागत (करोड़ रुपए में)	संख्या	दी गई लागत (करोड़ रुपए में)
1	अनुगुल	6	64.93	6	47.92
2	बलांगीर	20	348.76	2	57.30
3	बालेश्वर	16	202.79	9	41.41
4	बारगढ़	6	109.40	4	77.11
5	बौध	2	21.50	2	22.46
6	भद्रक	2	49.90	2	34.23
7	कटक	39	407.56	३१	310.23
8	देबागढ़	1	30.15	1	56.56
9	ढेंकनाल	20	103.95	20	88.21
10	गजपति	4	20.87	4	14.14
11	गंजम	74	494.03	59	229.65
12	जगतसिंहपुर	6	72.48	6	49.50
13	जाजापुर	2	57.26	2	33.74
14	झारसुगुडा	6	50.89	4	2.37
15	कालाहांडी	5	103.62	1	15.05
16	कंधमाल	5	30.76	1	17.11
17	केंद्रपाड़ा	3	45.56	2	20.89
18	खुर्दा	68	856.49	67	641.44
19	कोरापुट	3	133.90	2	82.88
20	मल्कानगिरी	2	14.69	2	17.18
21	नयागढ़	6	221.23	5	171.12
22	नुआपाड़ा	9	21.18	9	23.82
23	पुरी	5	115.67	3	11.32
24	रायगढ़	4	107.76	4	91.24
25	संबलपुर	15	135.45	13	49.07
26	सोनेपुर	5	51.20	1	18.91
27	सुंदरगढ़	14	68.99	7	40.14
कुल योग		348	3940.98	269	2264.99

******